उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 27.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## 'मिशन शक्ति' फेज-5.0 के तहत महिलाओं/बालिकाओं से वार्ता कर विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए स्वयं की सुरक्षा हेतु किया गया जागरुक-





उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज- 5.0 के तहत नारी सशक्तिकरण की कार्यवाही के अनुक्रम में आज दिनांक- 27.10.2024 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह के निकट पर्यवेक्षण में जनपद महोबा में नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलंबन हेतु जनपद के समस्त थाना क्षेत्रो में महिला पुलिसकर्मी (शक्ति दीदी) द्वारा शहरी एवं ग्रामीण अंचलों में जाकर भीड़-भाड़ वाले इलाकों, कस्बों, गाँवों में चौपाल लगाकर महिलाओं/बालिकाओं/छात्र-छात्राओं को स्वयं की सुरक्षा हेतु विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जैसे- वुमेन पावर लाइन **1090,** महिला हेल्पलाइन **181,** मुख्यमंत्री हेल्पलाइन **1076,** पुलिस आपातकालीन सेवा **112,** चाइल्ड हेल्पलाइन **1098,** स्वास्थ्य सेवा **102** एम्बुलेंस सेवा **108** व साइबर हेल्पलाइन **1930** तथा थानों के सीयूजी नम्बर आदि के बारे जानकारी देते हुए **24** घण्टे पुलिस सहायता प्रदान किये जाने व थानों में स्थापित महिला हेल्प डेस्क के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गयी तथा महिला अपराध आदि की जानकारी देते हुए उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा सरकार द्वारा जारी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं- सुरक्षित मातृत्व आश्वासन (सुमन) योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, राष्ट्रीय पोषण मिशन योजना, आयुष्मान योजना आदि के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी गयी एवं साथ ही साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन-**1930** की जानकारी देकर किया गया जागरुक।

# महोबा पुलिस

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 27.10.2024**

**मीडिया सेल, महोबा**

## महोबा पुलिस द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियानः-

**रविवार को बृहद रूप से सोशल कार्य- टर्नआउट के समस्त सामानों/वाहनों/राजकीय भवनों/आवासीय परिसर की साफ-सफाई की गई-**

आगामी त्यौहार दीपावली के दृष्टिगत आज दिनांक-27.10.2024 को महोबा पुलिस के समस्त थानों/कार्यालयों एवं पुलिस लाइन में सफाई हेतु स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान थाना कार्यालय, बैरक, थाना परिसर, प्रशासनिक भवन, मेस, परिसर एवं विशेषकर खाली पड़े स्थानों पर बेतरतीब उगी हुई घास को काटा गया व गंदगी की साफ सफाई की गयी।

साथ ही समस्त थानों पर कार्यरत कर्मियों द्वारा थाना परिसर के साथ-साथ बैरकों, मालखाना, मेस, थाना कार्यालय की साफ-सफाई के साथ शस्त्रों की सफाई भी की गयी साथ ही अभिलेखों को सुव्यवस्थित तरीके से रखा गया तथा आमजनमानस को भी स्वच्छता का सन्देश देकर स्वच्छता के प्रति जागरुक किया गया।

इसी क्रम में अग्निशमन केंद्र में उपलब्ध स्टाफ द्वारा श्रमदान कर अग्निशमन केंद्र पर सफाई अभियान चलाया गया इस दौरान अग्निशमन उपकरणों, वाहनों की साफ-सफाई की गई।







उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 27.10.2024

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## थाना चरखारी की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व जिन्दा कारतूस के साथ एक नफर अभियुक्त को किया गिरफ्तार-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद महोबा में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शस्त्र धारक अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक- 25.10.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौड़ के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष चरखारी गणेश कुमार द्वारा गठित की गई उ0नि0 सनय कुमार मय हमराह कर्मियों के नेतृत्व में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान अवैध शस्त्र के साथ अभियुक्त रामकुमार लोधी पुत्र मलखान उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम बसवारी थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर को कस्बा चरखारी के पास से हिरासत में लिया जिसके कब्जे से 01 अदद देशी तमन्चा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज की बरामदगी की गई । इस बरामदगी के आधार पर थाना चरखारी में मु0अ0सं0 261/2024 धारा 3/25A Act का अभियोग पंजीकृत किया गया तथा आवश्यक विधिक कार्यवाही सम्पादित की गई।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ.नि.सनय कुमार
2. कां.आर्यन सिंह
3. कां.राम सिंह थाना चरखारी जनपद महोबा

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण –

रामकुमार लोधी पुत्र मलखान उम्र 38 वर्ष निवासी ग्राम बसवारी थाना मुस्करा जनपद हमीरपुर।

### बरामदगी-

एक अदद देशी तमन्चा 315 बोर व एक अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज



## अवैध शराब के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करते हुए थाना चरखारी एवं आबकारी की संयुक्त पुलिस टीम ने अवैध के साथ 02 नफर अभियुक्ताओं को हिरासत में लिया है, जिनके कब्जे से 40 ली0 अवैध शराब बरामद की गई है, इस दौरान मौके से बरामद 04 क्विंटल लहन को नष्ट किया गया है-

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री पलाश बंसल के निर्देशन में आगमी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु अवैध शराब की बिक्री, परिवहन एवं निष्कर्षण पर प्रभावी रोक एवं ऐसे क्रियाकलापों में शामिल अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में दिनांक- 26.10.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी चरखारी श्री रविकान्त गौंड़ के निकट पर्यवेक्षण में थाना चरखारी व आबकारी विभाग की संयुक्त पुलिस टीम ने अभियान के तहत अवैध शराब के साथ 02 नफर अभियुक्ताओं क्रमशः 1.रूपा पत्नी बाबू कबूतरा उम्र करीब 45 वर्ष 2.पूजा पत्नी शिवप्रसाद कबूतरा उम्र करीब 42 वर्ष निवासीगण ग्राम कबूतरा डेरा सूपा थाना चरखारी जनपद महोबा को क्रमशः 20-20 लीटर कच्ची देशी शराब महुआ कुल 40 लीटर कच्ची देशी शराब महुआ नाजायज के साथ कबूतरा डेरा के पीछे नाले के पास वहद ग्राम सूपा से नियमानुसार हिरासत में लिया गया गया। बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर क्रमशः मु0अ0सं0 259/2024 व मु0अ0सं0 260/2024 धारा 60 **EX ACT** पंजीकृत करते हुए अग्रिम विधिक कार्यवाही सम्पादित की गई है।

### गिरफ्तार करने वाली संयुक्त पुलिस टीम-

1.उ0नि0 विनोद कुमार सिंह 2. हे0का0राजाराम पाल

1.आबकारी निरीक्षक अर्पित गुप्ता मय हमराह कर्मचारीगण

### गिरफ्तार अभियुक्ताओं का विवरण-

1.रूपा पत्नी बाबू कबूतरा उम्र करीब 45 वर्ष

2.पूजा पत्नी शिवप्रसाद कबूतरा उम्र करीब 42 वर्ष

निवासीगण ग्राम कबूतरा डेरा सूपा थाना चरखारी जनपद महोबा



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**
**दिनांक – 27.10.2024**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## आगामी त्यौहारों के दौरान सुदृढ सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में जनपदीय पुलिस प्रशासन ने दंगा और विशेष आपात परिस्थितियों व कानून व्यवस्था की समस्या से निपटने हेतु "दंगा नियंत्रण स्कीम" के तहत भारी पुलिस बल के साथ दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ रिहर्सल किया गया-

आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत आज दिनांक- 27.10.2024 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्रीमती वन्दना सिंह के नेतृत्व में "दंगा नियंत्रण स्कीम" के तहत थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्र में रिहर्सल किया गया। इस दौरान दंगा नियंत्रण उपकरणों से सुसज्जित पुलिसकर्मियों की डयूटी लगाकर उन्हें दंगा नियंत्रण के सम्बन्ध में ब्रीफ कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। इस अभ्यास का प्रमुख उद्देश्य है कि आगामी त्यौहारों के दौरान क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखना तथा संभावित अराजक तत्वों पर कड़ी निगरानी रखते हुए उनके विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही सुनिश्चित करना।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि त्यौहारों के दृष्टिगत थाना कोतवाली नगर महोबा क्षेत्र में संवेदनशीलता के दृष्टिगत 02 जोन एवं 04 सेक्टर में विभाजित किया गया है, अलग-अलग बैरियर ड्यूटी प्वाइंट्स पर आवश्यक पुलिस प्रबन्ध किया गया है इसके साथ ही जो संवेदनशील स्थल हैं वहां पर एरिया डोमिनेशन की कार्यवाही की गयी है। इस दौरान "दंगा नियंत्रण स्कीम" के बारे में पुलिसकर्मियों को ब्रीफ कर दंगा नियंत्रण के सम्बन्ध में ब्रीफ किया गया है।

इस योजना के तहत अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा भारी पुलिस बल के साथ दंगा नियंत्रण उपकरणों के साथ पैदल भ्रमण करते हुए सभी सुरक्षा प्वाइंट्स का निरीक्षण करते हुए तैयारियों का जायजा लिया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शांति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले अराजक तत्वों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। जनपद महोबा पुलिस नागरिकों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने के प्रति कटिबद्ध है। जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था को प्रभावी बनाना है, ताकि त्यौहारों के दौरान नागरिक भयमुक्त वातावरण में रह सकें और किसी भी असामाजिक गतिविधि पर कड़ी कार्यवाही की जा सके।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर श्री जितेन्द्र कुमार सिंह, प्र0नि0 कोतवाली श्री नरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी फायर सर्विस श्री देवेश तिवारी, प्रभारी यातायात श्री सुनील कुमार सिंह सहित पुलिस लाइन, पुलिस आफिस, अभियोजन कार्यालय, लोकल एंटेलीजेंस यूनिट, फायर सर्विस सहित जनपदीय पुलिस प्रशासन के अन्य सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे।







